The Green Bond Principles

The Social Bond Principles

The Sustainability Bond Guidelines

# हरित, सामाजिक और स्थायित्व वाले बॉन्ड्स की बाह्य समीक्षाओं के लिए दिशानिर्देश

जून 2018

# बाह्य समीक्षाओं के लिए दिशानिर्देश

ग्रीन बॉन्ड प्रिंसिपल्स (जीबीपी), सोशल बॉन्ड प्रिंसिपल्स (एसबीपी) और सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड गाइडलाइन्स (एसबीजी) (सब मिलकर 'सिद्धांत'') अनुशंसा करते हैं कि ग्रीन, सोशल या सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड या प्रोग्राम को जारी करने के संबंध में, जारीकर्ता बाह्य समीक्षा प्रदाताओं को नियुक्त करते हैं ताकि सिद्धांतों के चार मुख्य घटकों के साथ उनके बॉन्ड या बॉन्ड कार्यक्रम की एकरूपता सुनिश्चित हो सके.

बाह्य समीक्षा के लिए इन दिशानिर्देशों का लक्ष्य होता है श्रेष्ठ पद्धति को बढावा देना. वे सिद्धांतों तथा अन्य मौजूदा संबंधित मार्गदर्शन जैसे कि क्लाइमेट बॉन्ड स्टैंडर्ड, पीपल्स बैंक ऑफ चाइना और चाइना सिक्योरिटीज रेगुलेटरी कमिशन द्वारा जारी ग्रीन बॉन्ड्स के आचरण मूल्यांकन और प्रमाणन (अंतरिम) के लिए दिशानिर्देश, सस्टेनेबल फायनांस पर हाई लेवल एक्सपर्ट ग्रुप (एचएलईजी) द्वारा निर्मित ड्राफ्ट ईयू ग्रीन बॉन्ड मानक, और आसियान ग्रीन बॉन्ड्स मानकों के लिए आश्वासन की रूपरेखा के पूरक हैं. ये बाह्य समीक्षकों तथा संस्थानों, सामग्री और उनकी रपटों के प्रकटीकरण के लिए पेशेवर एवं नैतिकतापूर्ण मानकों से जुडे स्वैच्छिक दिशानिर्देश प्रदान करते हैं. उन्होंने आईसीएमए सेक्रेटरिएट के सहयोग से अग्रणी बाह्य समीक्षकों के समूह के साथ सलाह लेकर सिद्धांतों की एक्जिक्यूटिव कमिटी के बीच सामान्य घोषणा विकसित की है.

ये स्वैच्छिक दिशानिर्देश बाजार आधारित उपक्रम हैं और इनका लक्ष्य जारीकर्ताओं, अंडरराइटर्स, निवेशकों और अन्य हितधारकों के लिए बाह्य समीक्षा प्रकि'याओं पर जानकारी और पारदर्शिता प्रदान करना. वे इसमें शामिल सभी पक्षों से एकराय लेने का प्रयास करते हैं और बाह्य समीक्षकों की राय तथा सिद्धांतों के सदस्य व निरीक्षक समुदाय की सलाह से समय समय पर अद्यतनीकृत किए जाते हैं.

## बाह्य समीक्षाओं के प्रकार

अपने ग्रीन, सोशल या सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड प्रक्रिया के लिए बाह्य सुझाव प्राप्त करने के लिए जारीकर्ताओं के पास अनेक मार्ग हैं और अनेक स्तर और प्रकार की समीक्षाएँ हैं जो बाजार को प्रदान की जाती है. स्वतंत्र बाह्य समीक्षाएँ व्याप्ति में भिन्न हो सकती हैं और ये ग्रीन, सोशल और सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड रूपरेखा/ कार्यक्रम, एक वैयक्तिक ग्रीन, सोशल और सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड इशू, अंतर्निहित आस्तियों और/या प्रक्रियाओं का प्रयोजन पूरा कर सकती हैं. इनका विभाजन मोटे तौर पर निम्नलिखित प्रकारों में किया गया है, जिसमें कुछ प्रदाता एक से अधिक प्रकार की सेवा अलग से या संयुक्त रूप से प्रदान करते हैं.

**1. सेकंड पार्टी ओपिनियन (दूसरे पक्ष की राय):** जारीकर्ता से स्वतंत्र पर्यावरणीय/ सोशल/सस्टेनेबिलिटी कुशलता रखनेवाला एक संस्थान दूसरे पक्ष की राय प्रदान कर सकता है. संस्थान को ग्रीन, सोशल और सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड फ्रेमवर्क, या उपयुक्त प्रक्रियाओं जैसे जानकारी के अवरोधों के लिए जारीकर्ता के सलाहकार से भिन्न होना चाहिए, जिसे संस्थान के अंदर यह सुनिश्चित करने के लिए क्रियान्वित किया जाएगा कि दुसरे पक्ष की राय स्वतंत्र हो.

सेकंड पार्टी ओपिनियन में सामान्य रूप से सिद्धांतों की एकरूपता का आकलन होता है. विशेष रूप से, इसमें जारीकर्ता के पर्यावरणीय और/या सामाजिक सस्टेनेबिलिटी से जुडे उद्दश्यों, रणनीति, नीति और/या प्रक्रियाओं का आकलन शामिल है, और साथ ही धनराशि के उपयोग के लिए अपेक्षित प्रोजेक्ट के प्रकार की पर्यावरणीय और/या सामाजिक खूबियों का मूल्यांकन शामिल है.

**2. सत्यापन:** जारीकर्ता व्यवसाय की प्रक्रियाओं और/या पर्यावरणीय/सामाजिक/सस्टेनेबिलिटी मापदंड से जुडे मानकों के निर्धारित संच के प्रति स्वतंत्र प्रमाणन प्राप्त कर सकता है. सत्यापन अंतर्गत या बाह्य मानकों या जारीकर्ता द्वारा किए गए दावों के साथ तालमेल पर ध्यान देता है. अंतर्निहित आस्तियों की पर्यावरणीय और सामाजिक रूप से

स्थायी खूबियों का मूल्यांकन भी सत्यापन कहा जा सकता है और यह बाह्य मापदंडों के संदर्भ में हो सकता है. धनराशियों के उपयोग, ग्रीन, सोशल और सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड की धनराशियों से निधि का आबंटन, पर्यावरणीय और या सामाजिक प्रभाव का कथन या सिद्धांतो के साथ प्रतिवेदन के साथ तालमेल रखने के लिए जारीकर्ता की आंतरिक निगरानी पद्धति के बारे में आश्वासन या सत्यापन को प्रमाणन भी कहा जा सकता है.

**3. प्रमाणन:** जारीकर्ता किसी मान्य बाह्य ग्रीन, सोशल और सस्टेनेबिलिटी मानक या लेबल के प्रति ग्रीन, सोशल और सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड या संबंधित ग्रीन, सोशल और सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड रूपरेखा या धनराशि के उपयोग को संपन्न कर सकता है. मानक या लेबल विशिष्ट मानक की व्याख्या करता है और ऐसे मानक के साथ तालमेल को योग्यताप्राप्त, स्वीकृत तृतीय पक्ष द्वारा परखा जाता है, जो प्रमाणन के मानक के साथ सातत्य का सत्यापन कर सकता है.

**4. ग्रीन, सोशल और सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड स्कोरिंग/रेटिंग:** कोई जारीकर्ता स्थापित स्कोरिंग/रेटिंग पद्धति के अनुसार विशेष अनुसंधान प्रदाताओं या रेटिंग एजेंसियों जैसे पात्र तीसरे पक्ष द्वारा अपने ग्रीन, सोशल और सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड, असोसिएटेड ग्रीन/सोशल/सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड रूपरेखा या मुख्य खूबी जैसे धनराशि के उपयोग का मूल्यांकन या आकलन करवा सकता है. इस परिणाम में शामिल हो सकते हैं पर्यावरणीय और/या सामाजिक प्रदर्शन डाटा, सिद्धांतो से संबंधित प्रक्रिया, या अन्य बेंचमार्क पर ध्यान देना, जैसे कि 2 डिग्री जलवायु परिवर्तन परिदृश्य. ऐसी स्कोरिंग/ रेटिंग क्रेडिट रेटिंग से अलग होती है जो शायद वस्तुनिष्ठ पर्यावरणीय/सामाजिक/ सस्टेनेबिलिटी जोखिमों को प्रतिबिंबित शायद न करे.

सिद्धांत यह स्वीकार कर सकते हैं कि बाह्य समीक्षा आंशिक हो सकती है जो केवल जारीकर्ता के ग्रीन, सोशल और सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड या एसोसिएटेड रूपरेखा को शामिल कर सकती है, या पूर्ण हो सकती है जिसमें सभी चार मुख्य सिद्धांतो के घटकों का समावेश हो सकता है. सिद्धांत ध्यान में लेती है कि बाह्य समीक्षा का समय समीक्षा के स्वरूप पर निर्भर हो सकता है और समीक्षाओं का प्रकाशन व्यवसाय गोपनीयता की जरूरतों द्वारा सीमित हो सकता है.

## बाह्य समीक्षकों के लिए नैतिक और पेशेवर मानक

ऊपर दी गई व्याख्याओं के अनुसार, अलग अलग प्रकार की फर्म्स बाह्य समीक्षाएं दे सकती हैं. इनमें से कुछ फर्मों की गतिविधियां पेशेवर मानकों और/या नियमों द्वारा विस्तार से कवर की गई हैं, जैसे कि अकाउंटिंग फर्म्स और रेगुलेटेड क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां, जब अन्य को नहीं किया गया है. ऊँचे स्तर पर, बाह्य समीक्षाएं प्रदान करनेवाली सभी फर्में निम्नलिखित पाँच मूलभूत नैतिक और पेशेवर सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होनी चाहिए:

1. सत्यनिष्ठा
2. उद्देश्य
3. पेशेवर योग्यता और देखभाल
4. गोपनीयता
5. पेशेवर आचरण

कुछ बाह्य समीक्षक पहले ही मौजूदा प्रोफेशनल मानकों के अधीन हो सकते हैं (उदा. पेशेवर अकाउंटेंट्स) और/या विनियामक चर्याओं के अधीन हो सकते हैं (जैसे कि रेगुलेटेड क्रेडिट रेटिंग एजेंसियाँ) जिसके तत्व इन स्वैच्छिक दिशानिर्देशों के सभी नहीं तो कई लक्ष्यों को पूरा करते हैं. फिर भी, ऐसे अनेक प्रकार के एश्योरेंस सर्विस प्रोफेशनल स्टैंडर्ड्स और उद्योग व्यापी आचार संहिताएं हैं जो बाह्य समीक्षकों को पालन करनी चाहिए, जब भी सुसंगत हो, जब भी वे ग्रीन, सोशल और सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड जारीकर्ताओं का सेवा देते हों. उदाहरण के लिए, बाह्य समीक्षकों को खासकर

इंटरनेशनल कोड ऑफ एथिक्स फॉर प्रोफेशनल अकाउंटेंट्स की सामयिकता को ध्यान में लेना चाहिए और धारा 4बी पर ध्यान देना चाहिए- ऑडिट और रिव्यू एंगेजमेंट्स के अलावा एश्योरेंस एंगेजमेंट्स के स्वतंत्रता; अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट्स द्वारा स्थापित सत्यापन के मानक, आईएसएई 3000 (संशोधित); एश्योरेंस एंगेजमेंट्स ऐतिहासि वित्तीय जानकारी के लेखापरीक्षणों या समीक्षाओं के अलावा; आईईएसबीए हैंडबुक ऑफ कोड ऑफ एथिक्स ऑफ प्रोफेशनल अकाउंटेंट्स सेक्शन 291 इंडिपेंडेंस- अन्य एश्योरेंस एंगेजमेंट्स; और एआईसीपीए कोड ऑफ प्रोफेशनल कंडक्ट (एआईसीपीए कोड). आईएसओ 9001 और आईएसओ 14065 द्वारा दिए गए मानक और असोसिएशन फॉर रिस्पॉन्सिबल इनवेस्टमेंट सर्विसेस (एआरआईएसई) के प्रमाणन के मानक भी लागू हो सकते हैं.

## बाह्य समीक्षाओं का संगठन और घटक

दी जा रही बाह्य समीक्षा के प्रकार के आधार पर, यह सुझाव दिया जाता है कि बाह्य समीक्षाओं को सिद्धांतों के चार मुख्य घटकों के साथ एकरूप होना चाहिए, और यह कि प्रिंसिपल्स रिसोर्स सेंटर में उपलब्ध टेम्पलेट को उनकी रिपोर्टस की मानक खूबी के अनुसार पूर्ण किया जाना चाहिए

ग्रीन, सोशल और सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड्स के लिए बाह्य समीक्षा देते समय बाह्य समीक्षकों को सुनिश्चित करना चाहिए कि:

1. उनके पास एक संगठनात्मक ढांचा हो, कार्य प्रक्रिया और बाह्य समीक्षा चलाने के लिए अन्य संबंधित प्रणालियां हों
2. आवश्यक अनुभव तथा योग्यता के साथ उपयुक्त कर्मचारी वर्ग नियुक्त करना जो प्रदान किए जानेवाली बाह्य समीक्षा की व्याप्ति को समझें.
3. यदि लागू हो, प्रोफेशनल क्षतिपूर्ति/ प्रोफेशनल देयता इंश्योरेंस कवर का संदर्भ.

बाह्य समीक्षाओं में न्यूनतम बातें शामिल होनी चाहिए या संकेत करनी चाहिए जहाँ निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध हो सकती है:

1. कार्य का उद्देश्य, व्याप्ति, और बाह्य समीक्षकों की विश्वसनीयता का सामान्य वर्णन
2. स्वतंत्र और हितों के टकराव की नीति का कथन
3. व्याख्याएं, विश्लेषण का नजरिया, और/या प्रयुक्त पद्धतियाँ
4. बाह्य समीक्षा रिपोर्ट के निष्कर्ष या परिणाम जिसमें शामिल हैं बाह्य समीक्षा की कोई मर्यादा.

दिए जान रहे बाह्य समीक्षा के प्रकार के आधार पर (यानी सेकंड पार्टी ओपिनियन, सत्यापन, प्रमाणन या ग्रीन, सोशल या सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड स्कोरिंग/रेटिंग), के अधार पर बाह्य समीक्षकों के पास:

1. योग्य ग्रीन और सोशल बॉन्ड श्रेणियों में कुशलता होनी चाहिए
2. ग्रीन, सोशल या सस्टेनेबिलिटी बॉन्ड द्वारा वित्तपोषित पात्र ग्रीन और/या सोशल प्रोजेक्ट्स द्वारा पर्यावरणीय और/या सामाजिक लाभ और लक्षित प्रभाव का मूल्यांकन.
3. सिद्धांतों के चार मुख्य घटकों के साथ एकरूपता की पुष्टि/समीक्षा
4. मूल्यांकन करना चाहिए जहाँ पर जारीकर्ता द्वारा चिन्हित प्रोजेक्टों से जुडे संभावित वस्तुनिष्ठ वातावरण और/या सामाजिक जोखिमों से संबंधित हैं.

## बाह्य समीक्षाओं का प्रकटीकरण

सिद्धांत सुझाते हैं कि बाह्य समीक्षओं को बॉन्ड जारीकर्ताओं की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से और / या किसी अन्य पहुँच योग्य संचार चैनल के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना चाहिए जैसा कि जारी करने से पहले या के समय उपयुक्त हो. यह भी सुझाया जाता है कि बाह्य समीक्षा प्रारूप को प्रिंसिपल्स रिसोर्स सेंटर[1] पर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाना चाहिए.

## योगदानकर्ता

ये दिशानिर्देश स्वैच्छिक हैं आर उन्हें अग्रणी बाह्य समीक्षकों के साथ मिलकर सलाहात्मक प्रक्रिया के माध्यम से विकसित किया गया है. इन संस्थानों की पूरी सूची के लिए कृपया देखें https://www.icmagroup.org/green-social-and-sustainability-bonds/.

1 At the request of the issuer or external reviewer, the opinion may be removed from the Principles Resource Center if it is deemed to be no longer valid or stale information